वारदात | पत्नी से विवाद के बाद फरसे से किया जानलेवा हमला

# कलयुगी बेटे ने पिता को उतारा मौत के घाट



**डिंडोरी, नवभारत।** जिले के मेहंदवानी थाना क्षेत्र में रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। पत्नी से हो रहे विवाद में समझाइश देना एक बुजुर्ग पिता को इतना महंगा पड़ गया कि कलयुगी बेटे ने फरसे से हमला कर उनकी हत्या कर दी। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार, यह घटना मेहंदवानी थाना अंतर्गत ग्राम धमनी के पटपरा टोला की है। बताया जाता है कि आरोपी भगत सिंह का अपनी पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हो रहा था। इसी दौरान उसके 60 वर्षीय पिता गंधी सिंग ने बीच-बचाव करते हुए बेटे को समझाने का प्रयास किया। पिता की समझाइश से नाराज आरोपी ने आपा खो दिया और घर में रखे फरसे के पिछले हिस्से से पिता के सिर पर ताबड़तोड़ वार कर दिए।

### फरसे से किया ताबड़तोड़ वार

हमले में गंधी सिंह गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही गिर पड़े और उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मेहंदवानी थाना पुलिस मौके पर पहुंची, शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा तथा आरोपी पुत्र भगत सिंह को तत्काल गिरफ्तार कर लिया।

### पुलिस ने मामला किया पंजीबद्ध

पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और घटना के सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है। इस हृदयविदारक घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि पारिवारिक विवाद के चलते इस प्रकार की घटना होना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है।

**इनका कहना है**

19 जुलाई को लगभग 4 बजे डायल 112 के माध्यम से पुलिस थाना मेंहदवानी में जानकारी प्राप्त हुई कि ग्राम पटपरा धमनी में आरोपी ने अपने पिता गंधी सिंग की हत्या फरसा के पाशा से मारके कर दी है, तत्पश्चात मौके पर जाकर कार्यवाही की गई। जिसमें आरोपी, मृतक का बड़ा पुत्र भगत सिंग तेकाम है तथा मृतक गंधी सिंग 60 वर्ष का है। जो कि समझाइश देने गया था कि दोनों आपस में लड़ाई झगड़ा मत करो। उसी समय आवेश में आकर आरोपी ने फरसा के पाशा से मारकर कंधी सिंग की हत्या कर दी है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जायेगा।

**शिवलाल मरकाम, निरीक्षक, थाना मेहंदवानी, जिला डिंडोरी**





# बाइक और ऑटो की भिड़ंत में 3 घायल

▸ चरणगंगा नदी के पास हुआ भीषण सड़क हादसा





**चिल्हारी, उमरिया।** जिले के मानपुर नगर के चरणगंगा नदी के पास एक भीषण सड़क हादसा हुआ है जहां बाइक और ऑटो की भिड़ंत में 3 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं जिसमें 2 लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना पर 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची जहां 108 के चालक ने घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर लाया गया है। बताया जाता है कि राजेश बैगा निवासी रिझौंहा, दुर्गेश पिता केशलाल बैगा एवं राकेश बैगा पिता केशलाल बैगा दोनों निवासी ग्राम कछौन्हा घायल हुए हैं, जिनमें राजेश बैगा एवं दुर्गेश बैगा की हालत गंभीर बनी हुई है।

## कन्या क्रीड़ा परिसर शहपुरा की अधीक्षक निलंबित

**डिंडौरी, शहपुरा, नवभारत।** कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने कन्या क्रीड़ा परिसर शहपुरा की अधीक्षक रमा साहू को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेशानुसार, कन्या क्रीड़ा परिसर शहपुरा के प्राचार्य द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में अधीक्षक रमा साहू की कार्यशैली संतोषजनक नहीं पाए जाने, संस्था में उपस्थिति कम रहने तथा संस्था के संचालन में अनियमितताओं का उल्लेख किया गया था। इस संबंध में पूर्व में कारण बताओ सूचना पत्र भी जारी किया गया था, किंतु प्रस्तुत जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने पर यह कार्रवाई की गई।

कलेक्टर ने जारी आदेश में मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के नियम-9 के अंतर्गत रमा साहू को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, शहपुरा निर्धारित किया गया है तथा नियमानुसार उन्हें जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। वहीं संस्था के सुचारु संचालन की व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से प्राथमिक शिक्षक एवं अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास शहपुरा की अधीक्षक मीना मरावी को उनके वर्तमान दायित्वों के साथ कन्या क्रीड़ा परिसर शहपुरा का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

## न्यायाधीश प्रियदर्शन शर्मा ने दिलाई पद एवं गोपनीयता की शपथ

▸ न्यायाधीशों की उपस्थिति में संपन्न हुआ अधिवक्ता संघ का शपथ ग्रहण समारोह




**चिल्हारी, उमरिया।** मानपुर तहसील अधिवक्ता संघ मानपुर के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह बीते रविवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश उमरिया प्रियदर्शन शर्मा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। समारोह में मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के सदस्य दिनेश नारायण पाठक विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के संस्थापक सदस्य एवं संरक्षक वरिष्ठ अधिवक्ता दरबारी लाल पटेल ने की। विशिष्ट अतिथियों के रूप में जिला अपर सत्र न्यायाधीश नाजमा बेगम, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी दीपक अग्रवाल, न्यायिक दंडाधिकारी श्री धुर्वे तथा मानपुर सिविल न्यायालय के न्यायिक दंडाधिकारी सतीश शुक्ला उपस्थित रहे। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। स्वागतीय उद्बोधन सुश्री श्रद्धा द्विवेदी ने दिया। इसके बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर आत्मीय स्वागत किया।उपस्थित अतिथियों ने तहसील अधिवक्ता संघ मानपुर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष कुशलेंद्र कुमार तिवारी सहित समस्त पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ उमरिया के अध्यक्ष पुष्पराज सिंह तथा तहसील अधिवक्ता संघ जयसिंहनगर के अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद तिवारी भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम को अनिरुद्ध मिश्रा, दरबारी लाल पटेल, संतोष तिवारी एवं नागिन पटेल सहित कई वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने संबोधित करते हुए नवगठित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद चतुर्वेदी ने किया, जबकि सफल मंच संचालन एडवोकेट विकास गुप्ता द्वारा किया गया। अंत में संघ के दिवंगत अधिवक्ता मनोज द्विवेदी के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई और कार्यक्रम का समापन हुआ।

## मई माह से पेंशन का इंतजार कर रहे हितग्राही

▸ जीवित प्रमाण पत्र की प्रक्रिया में देरी से हितग्राही परेशान

**चिल्हारी, उमरिया।** सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना अंतर्गत मिलने वाली वृद्धावस्था, दिव्यांग और विधवा पेंशन की राशि पिछले लगभग तीन माह से कई हितग्राहियों को प्राप्त नहीं होने की शिकायत सामने आई है। पेंशन पर निर्भर हितग्राहियों का कहना है कि राशि नहीं मिलने से उन्हें दवा, राशन और रोजमर्रा की आवश्यकताओं को पूरा करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। नई गाइडलाइन के अनुसार वृद्धावस्था पेंशन के हितग्राहियों के लिए ऑनलाइन जीवित प्रमाण पत्र जमा करने की प्रक्रिया भी जारी है। हालांकि, कुछ क्षेत्रों में प्रक्रिया की प्रगति अपेक्षाकृत धीमी होने की बात सामने आ रही है, जिसके कारण पात्र हितग्राहियों को पेंशन भुगतान को लेकर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

हितग्राहियों के अनुसार, जब वे अपनी समस्या लेकर संबंधित कार्यालयों में पहुंचते हैं तो उन्हें कथित रूप से यह जानकारी दी जाती है कि 'ऊपर से भुगतान नहीं हो रहा है।' हालांकि, पेंशन भुगतान में देरी का वास्तविक कारण क्या है और लंबित राशि कब तक जारी होगी, इसे लेकर हितग्राहियों में असमंजस बना हुआ है। अब देखने वाली बात यह है कि संबंधित विभाग इस समस्या का संज्ञान लेकर पेंशन भुगतान और जीवित प्रमाण पत्र की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए क्या कदम उठाता है।

### एक नजर में



**हनुमान पहाड़ी में अखंड संकीर्तन का शुभारंभ**

**चिल्हारी, उमरिया।** जिले के ग्राम चिल्हारी स्थित प्राचीन हनुमान पहाड़ी मंदिर में सोमवार दोपहर विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 24 घंटे के अखंड श्री सीताराम महा संकीर्तन महामंत्र जप का शुभारंभ किया गया। पूजन-अर्चन के पश्चात श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और भक्ति भाव से श्री सीताराम महामंत्र का संकीर्तन प्रारंभ किया, आयोजन के शुभारंभ के दौरान हनुमान जी की कृपा से क्षेत्र में झमाझम वर्षा हुई, जिससे श्रद्धालुओं और किसानों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

**देवगवा में 11 केवी लाइन निर्माण कार्य पर सवाल**

**चिल्हारी नवभारत।** जिले के भरेवा स्टेशन अंतर्गत ग्राम देवगवा में 11 केवी विद्युत लाइन बिछाने का कार्य जारी है। इस दौरान गांव के कुछ ग्रामीण युवाओं ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठाए हैं।गांव के युवा अनुराग सिंह का आरोप है कि ठेकेदार गिट्टी और सीमेंट की बचत कर निर्माण कार्य में अनियमितता कर रहा है। उनका कहना है कि यदि खंभों की स्थापना निर्धारित मानकों के अनुसार नहीं की गई तो भविष्य में तेज आंधी-तूफान के दौरान खंभे गिरने से जान-माल का नुकसान हो सकता है।

## मानव श्रृंखला और रैली से गूंजा 'नशामुक्त डिंडौरी' का संदेश



**डिंडौरी, नवभारत।** कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सोमवार को जिला मुख्यालय में नशा मुक्ति अभियान 2.0 के तहत विशाल मानव श्रृंखला एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग तथा पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस अभियान का उद्देश्य युवाओं और आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना था।कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों ने हाथों में हाथ डालकर मानव श्रृंखला बनाई और 'नशामुक्त डिंडौरी, नशामुक्त भारत' का संदेश दिया। इसके बाद शहर के प्रमुख मार्गों पर जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें प्रतिभागियों ने नशा विरोधी नारों के माध्यम से लोगों को नशे से दूर रहने का आह्वान किया।

रैली के दौरान छात्र-छात्राओं ने कहा कि नशा हर बुराई की जड़ है, जो व्यक्ति, परिवार और समाज के भविष्य को प्रभावित करता है। अधिकारियों ने कहा कि नशा मुक्ति अभियान 2.0 केवल जागरूकता तक सीमित नहीं है, बल्कि युवाओं में सकारात्मक सोच विकसित कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने का व्यापक प्रयास है। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों को नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प दिलाया गया। इस दौरान नशा छोड़ें, जीवन जोड़ें , 'नशामुक्त डिंडौरी' और 'नशामुक्त भारत' के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसडीओपी, थाना प्रभारी यातायात, थाना प्रभारी कोतवाली, पुलिस विभाग एवं सामाजिक न्याय के अधिकारी-कर्मचारी, उत्कृष्ट विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा नशा मुक्ति केंद्र के कर्मचारी उपस्थित रहे।

▸ कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

## योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचे



**शहपुरा, नवभारत।** कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने आकांक्षी विकासखंड मेहंदवानी के भ्रमण के दौरान जनपद पंचायत में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक समयबद्ध रूप से पहुंचे।

कलेक्टर ने राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारियों को समन्वय के साथ किसानों की फॉर्मर आईडी शत-प्रतिशत पूर्ण कराने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को खाद एवं अन्य कृषि संबंधी सुविधाओं का लाभ लेने में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

बैठक के उपरांत कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनका त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर आकांक्षी विकासखंड मेहंदवानी में स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं की सघन समीक्षा सह कार्यशाला भी आयोजित की गई। कलेक्टर ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, दस्तक अभियान, जननी सुरक्षा योजना, गैर-संचारी रोग (एनसीडी) तथा आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए घर पर प्रसव की प्रथा समाप्त कर शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



## सांदीपनि विद्यालय में वितरित की गईं साईकिलें

**शहपुरा, नवभारत।** शासकीय सांदीपनि विद्यालय, शहपुरा में सोमवार को कक्षा 9वीं के छात्र-छात्राओं को शासन की योजना के तहत साइकिलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में कुल 46 छात्र-छात्राओं को साइकिलें प्रदान की गईं। इस अवसर पर विद्यार्थियों को उनके अभिभावकों एवं पालकों की उपस्थिति में साइकिलें वितरित की गईं। विद्यालय के प्राचार्य यशवंत साहू ने विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने और मन लगाकर अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शासन की इस योजना से दूर-दराज़ के विद्यार्थियों को विद्यालय आने-जाने में सुविधा मिलेगी तथा शिक्षा के प्रति उनका उत्साह बढ़ेगा। कार्यक्रम में साइकिल वितरण प्रभारी उमाकांत झारिया सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं स्टाफ उपस्थित रहे। सभी ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए साइकिलों का सदुपयोग करने की अपील की।

## ब्लैक स्पॉट पर लगेंगे साइन बोर्ड, ब्रेकरों पर होगी रंगाई

▸ मुख्य मार्गों से हटेगा अतिक्रमण

▸ सड़क सुरक्षा के लिए जिला प्रशासन सख्त



**डिंडौरी, नवभारत।** जिले में सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने और शहर की यातायात व्यवस्था को अधिक सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने की दिशा में जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाने का निर्णय लिया है। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सीईओ दिव्यांशु चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में मुख्य मार्गों को अतिक्रमण मुक्त कराने, दुर्घटना संभावित स्थलों पर सुरक्षा उपाय बढ़ाने तथा सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में सीईओ ने राजस्व, पुलिस एवं नगर परिषद के अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित कर शहर के प्रमुख मार्गों के दोनों ओर किए गए अतिक्रमण के साथ-साथ रानी अवंती बाई चौक और साकेत नगर क्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से अधिकारियों को सभी स्पीड ब्रेकरों पर स्पष्ट एवं आकर्षक कलर पेंटिंग कराने तथा दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट पर आवश्यक साइन बोर्ड स्थापित करने के निर्देश भी दिए गए। विशेष रूप से वर्षा ऋतु में दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए इन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर समयसीमा में पूरा करने पर जोर दिया गया। बैठक में सड़क सुरक्षा से संबंधित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर जे.पी. यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रेखा धर्मेन्द्र सिंह, संयुक्त कलेक्टर भारती मेरावी, एसडीएम डिंडौरी रामबाबू देवांगन, सभी डिप्टी कलेक्टर एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रदर्शन | प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता की मांग

# शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन



**डिंडौरी, नवभारत।** देश की शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार, प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर चल रहे छात्र आंदोलन के समर्थन में सोमवार को जय आदिवासी युवा शक्ति (जयस) के बैनर तले प्रदेश अध्यक्ष इन्द्रपाल मरकाम के नेतृत्व में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए सात सूत्रीय मांगपत्र प्रस्तुत करते हुए आवश्यक संवैधानिक एवं प्रशासनिक कार्रवाई की मांग की गई।

ज्ञापन में कहा गया कि देशभर के लाखों छात्र-छात्राएं शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, निष्पक्षता और जवाबदेही की मांग को लेकर लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं। जंतर-मंतर पर चल रहा छात्र आंदोलन इसी जनभावना का प्रतीक है। इसलिए उनकी न्यायोचित मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि हाल के वर्षों में नीट, यूजीसी-नीट सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं, पेपर लीक, परीक्षा प्रबंधन की कमियों तथा भर्ती प्रक्रियाओं में हो रही देरी ने लाखों युवाओं का भरोसा कमजोर किया है। जिससे आहत होकर कुछ विद्यार्थियों द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटनाएं अत्यंत चिंताजनक हैं, ज्ञापन में मांग की गई है कि देश की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं एवं भर्ती प्रक्रियाओं को पूर्णतः पारदर्शी, सुरक्षित और जवाबदेह बनाया जाए। परीक्षा प्रणाली में सुधार के लिए स्वतंत्र उच्चस्तरीय विशेषज्ञ समिति गठित की जाए तथा पेपर लीक और परीक्षा संबंधी अनियमितताओं की समयबद्ध एवं निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

संगठन ने आंदोलनकारियों द्वारा केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग पर संविधान एवं कानून के अनुरूप उचित स्तर पर विचार करने, पूरे देश में समान शिक्षा एवं समान पाठ्यक्रम लागू करने, डिंडोरी जैसे दूरस्थ एवं आदिवासी जिलों में सभी ऑनलाइन एवं ऑफलाइन प्रतियोगी परीक्षाओं के परीक्षा केंद्र स्थापित करने तथा नीठ-यूजी परीक्षा को ऑनलाइन किए जाने से पूर्व सभी शासकीय हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण कंप्यूटर शिक्षा की व्यवस्था लागू कर कम से कम पांच वर्ष बाद ही ऑनलाइन परीक्षा प्रणाली लागू करने की मांग भी रखी। जयस के प्रदेश अध्यक्ष इन्द्रपाल मरकाम ने कहा कि संगठन का उद्देश्य किसी व्यक्ति विशेष का विरोध करना नहीं, बल्कि देश के करोड़ों विद्यार्थियों के भविष्य की रक्षा करना और शिक्षा व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं विश्वसनीय बनाना है। उन्होंने राष्ट्रपति से ज्ञापन पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर संबंधित प्राधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश देने का आग्रह किया।

# नौगवां स्कूल भवन के लोकार्पण पर उठे सवाल

▸ कांग्रेस की रोशनी ने कहा- भवन पहले से ही उपयोग में था तो लोकार्पण का औचित्य क्या?



**चिल्हारी नवभारत।** जनपद पंचायत मानपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत नौगवां स्थित शासकीय आदिवासी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के नवीन भवन का 17 जुलाई को क्षेत्रीय विधायक मीना सिंह द्वारा लोकार्पण किए जाने के बाद कांग्रेस नेत्री रोशनी सिंह ने कार्यक्रम की प्रक्रिया और औचित्य को लेकर सवाल उठाए हैं। रोशनी सिंह का कहना है कि उपलब्ध जानकारी के अनुसार उक्त भवन में करीब डेढ़ वर्ष से विद्यालय का संचालन किया जा रहा है। ऐसे में यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि भवन का निर्माण कार्य कब पूर्ण हुआ, विभाग को भवन कब हस्तांतरित किया गया और विद्यालय का संचालन किस तिथि से शुरू हुआ।

**दोबारा लोकार्पण की प्रक्रिया क्यों?**-उन्होंने कहा कि यदि भवन पहले से विभाग के उपयोग में था, तो इतने समय बाद लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किए जाने का प्रशासनिक औचित्य क्या था, यह जांच का विषय है। रोशनी सिंह ने कहा कि लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत नौगवां के सरपंच द्वारा मंच से कही गई बातों के बाद इस पूरे मामले में और प्रश्न खड़े हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि क्षेत्र में कुछ ऐसे भवनों के दोबारा लोकार्पण की प्रक्रिया अपनाई जा रही है।

**निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाना चाहिए**-रोशनी सिंह ने जिला कलेक्टर द्वारा जारी निर्देशों का हवाला देते हुए कहा कि निर्माण कार्यों के शिलान्यास और लोकार्पण से संबंधित जानकारी प्रशासन को उपलब्ध कराकर नियमानुसार तिथि निर्धारित किए जाने तथा प्रोटोकॉल के अनुसार आमंत्रित किया जाना चाहिए। उनका आरोप है कि नौगवां हायर सेकेंडरी स्कूल भवन के लोकार्पण कार्यक्रम के आमंत्रण पत्र में क्षेत्र की निर्वाचित जनप्रतिनिधि एवं जनपद पंचायत मानपुर की उपाध्यक्ष पूजा चतुर्वेदी का नाम शामिल नहीं किया गया और उन्हें कार्यक्रम में आमंत्रित भी नहीं किया गया।

**सरपंचों पर दबाव के आरोप की जांच की जाए**-रोशनी सिंह ने आरोप लगाया कि क्षेत्रीय विधायक द्वारा कुछ स्थानों पर सरपंचों और संबंधित विभागों पर कथित रूप से दबाव बनाकर लोकार्पण कराए जाने की बात सामने आ रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह आरोप जांच का विषय है ।